प्रशस्ति-पत्र

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राजभाषा भूषण पुरस्कार- 2004-05

डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र

डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र ने वर्ष 1987 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से रसायनिकी में एमएससी एवं वर्ष 1992 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से "ए बायोकेमिकल स्टडी ऑफ सर्टेन साइकोसोमेटिक डिसआडर्स" विषय पर पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। आपने अगस्त 1999 में टाटा मूलभूत अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र में वैज्ञानिक फेलो "डी" के रूप में अपना कार्यभार संभाला। आजकल आप वहां वैज्ञानिक फेलो "ई" के रूप में कार्यरत हैं। होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र में आप विज्ञान संचार, हिन्दी तथा अंग्रेजी में मौलिक वैज्ञानिक लेखन, अनुवाद, वैज्ञानिक पत्रकारिता तथा संपादन कार्यों से जुड़े हैं।

होमी भाभा प्राथमिक विज्ञान पाठ्यक्रम परियोजना के अंतर्गत आपने प्राथमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान पुस्तकों का अनुवाद किया है और अब तक विभिन्न वैज्ञानिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक पत्रिकाओं एवं अखबारों में विभिन्न विषयों पर आपके कुल 107 लेख प्रकाशित हो चुके हैं। आकाशवाणी वाराणसी एवं मुंबई से विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर अब तक आपकी लगभग 9 वार्ताएं प्रसारित हो चुकी हैं। आप भारतीय विज्ञान लेखक संघ, नई दिल्ली, हिन्दी विज्ञान साहित्य परिषद, भापअकेंद्र, मुंबई, के सदस्य तथा विज्ञान प्रकाश, विश्व हिन्दी न्यास, आसविगो, न्यूयार्क के संपादक मंडल के सदस्य तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जयपुर के महाराष्ट्र राज्य के प्रतिनिधि भी हैं।

आपके आठ शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। हिन्दी विज्ञान साहित्य परिषद द्वारा आयोजित डॉ. होमी भाभा हिन्दी विज्ञान लेख प्रतियोगिताओं में भी आपके लेखों को पुरस्कृत किया गया है। आपको विज्ञान परिषद, प्रयाग द्वारा क्रमश: वर्ष 2001एवं 2004 के ***डॉ. गोरख प्रसाद विज्ञान पुरस्कार*** एवं ***ह्विटेकर विज्ञान पुरस्कार*** से भी सम्मानित किया गया है। आपको विज्ञान परिषद प्रयाग की अंतरंग सभा के सदस्य के रूप में वर्ष 2003 एवं वर्ष 2005-06 के लिए मनोनीत किया गया था। पुन: भारतीय विज्ञान लेखक संघ द्वारा विज्ञान संचार के क्षेत्र में सुदीर्घ योगदान के लिए ***इस्वा सम्मान*** से भी सम्मानित किया गया है।

"जल जीवन का आधार" शीर्षक से आपने एक विज्ञान पुस्तक की रचना भी की है। विश्व हिन्दी न्यास, न्यूयार्क द्वारा लोक विज्ञान साहित्य माला के अंतर्गत ***कृष्ण कुमार मिश्र - प्रतिनिधि रचनाएं*** शीर्षक से आपके कुल 33 चयनित लेखों का संकलन प्रकाशित किया जा रहा है।

परमाणु ऊर्जा विभाग, अपने ऐसे समर्पित हिन्दी प्रेमी रत्न ***डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र*** का उनकी यशस्वी सेवाओं के लिए हार्दिक अभिनन्दन करता है तथा निस्वार्थ सेवा-भाव से राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में उनके द्वारा दिए गए रचनात्मक योगदान की मान्यतास्वरूप उन्हें सहर्ष ***"राजभाषा भूषण पुरस्कार"*** से सम्मानित करता है।

अनिल काकोडकर

दिनांक: 2 सितंबर 2005

(डॉ. अनिल काकोडकर)

सचिव

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA